टीकाकरण कराने आये लोगों ने अन्य को प्रेरित करते हुए कहा बेझिझक लगवाये टीका

भिलाई नगर । भिलाई निगम क्षेत्र में 46 केन्द्र टीकाकरण के लिये बनाये गये है , इन सभी केन्द्रों में टीका लगाया जा रहा है। टीकाकरण कराने के बाद कुछ लोगों ने अपने अनुभव को साझा किया। कोहका बजरंग पारा की झामिन साहू ने कहा कि मुझे कोविड का टीका आज लगा है आप सब भी टीका लगवाये और स्वस्थ्य रहे। बीएसपी कर्मी के त्रिलोचन ठाकुर ने कहा कि मैने कोविड का टीका लगवाया है। कोरोना को भगाने के लिये आप सब भी टीका लगवाकर अपनी भागीदारी निभाए , उन्होंने आगे कहा कि टीका लगाने के लिये किसी प्रकार की परेशानी और डर जैसी कोई बात नहीं है , यह पूरी तरह सुरक्षित है। रामनगर निवासी नीता साहू ने कहा कि निगम के प्रचार एवं मीडिया के माध्यम से पता चला कि टीकाकरण हो रहा है। सुरक्षित तरीके से मुझे टीका लगाया गया है। टीकाकरण के लिए सभी व्यवस्था अच्छी है। राजीव नगर निवासी मेघनाथ साहू बताया है कि मैने कोविड का प्रथम डोज का टीका लगवाया है। आधा घंटा मुझे कोविड प्रोटोकॉल के तहत ऑब्जरवेशन में रखा गया था , उन्होंने कहा कि टीका लगवाने में कोई परेशानी नहीं है। संक्रमण की रोकथाम के लिये टीका लगवाना बहुत जरूरी है। अंबेडकर नगर के कन्हैया लाल चुरहे ने बताया कि मेरे वार्ड में टीकाकरण हो रहा है जिसकी सूचना मुझे मिली मेरी उम्र 50 वर्ष हो चुकी है। मैने आज बेझिझक टीका लगवाया। टीका लगवाने के बाद अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने 45 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों को टीका अवश्य लगाने का संदेश दिया। आगे कहा कि कोविड से बचना है तो टीका जरूर लगवाये। शत्रुहन गावड़े काफी बुजुर्ग है उन्होंने भी आज निगम एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाये गये टीकाकरण केन्द्र में सुरक्षित टीका लगवाया और सभी लोगों से टीकाकरण करवाने की अपील की।